सीमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Cement Corporation of India Limited
(A Government of India Enterprise)

संजय बांगा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Sanjay Banga
Chairman & Managing Director

18.01.2023

प्रिय साथियो,

आप सभी को सी.सी.आई के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। अगर हम देखें तो पिछले स्थापना दिवस से इस स्थापना दिवस तक, आप सभी के समन्वित प्रयास और सकारात्मक सोच के कारण बहुत हद तक हम निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहे हैं। यह आपके इन्ही प्रयासों का ही नतीजा है कि आज हम अपनी नेट वर्थ को नकारात्मक से सकारात्मक करने में सफल हुए हैं। लेकिन साथ ही साथ मेरा यह भी मानना है कि नई ऊँचाइयों की ओर यह सिर्फ एक शुरुआत भर है।

इस पावन दिवस पर मैं एक बार फिर आप सभी का आह्वान करना चाहता हूँ कि आपने जिन क्रियात्मक और गुणात्मक परिवर्तनों द्वारा संस्थान को यहाँ तक पहुँचाया है, आप अपनी शैली में निरंतर सुधार करके संस्थान की आर्थिक स्थिति को और मज़बूत करें। कर्मचारियों को इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के द्वारा परस्पर रूप से जोड़ने के लिए मोबाइल फ़ोन भुगतान से सम्बंधित नीति भी लागू की जा रही है, इसके द्वारा हम सभी संचार के साधनों का प्रयोग करके एक दूसरे से जुड़कर संस्थान में भाई-चारे की भावना को विकसित करके निर्धारित लक्ष्यों को निर्बाध रूप से पूर्ण कर सकते हैं। इसके अलावा कर्मचारियों के यात्रा भत्ते से सम्बंधित नियम व् आई पी डी लिमिट को भी बीते वर्ष बढाया गया, जिससे कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जा सके।

यहाँ मैं यह भी कहना चाहूँगा कि भारत सरकार द्वारा मनाये जाने वाले उत्सवों जैसे आजादी का अमृत महोत्सव हो या G20 का प्रचार प्रसार, इन सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

आज सी.सी.आई के स्थापना दिवस पर आप प्रण लें कि आप सी.सी.आई की उन्नति, समृद्धि और विकास के लिए समन्वित प्रयास करके इसे सफलता की नई ऊँचाइयों तक ले जायेंगे। सी.सी.आई का स्थापना दिवस हमारा पारिवारिक पर्व है, सामाजिक उत्सव है, अतः इसे पूरे उत्साह से मनाएं तथा साथ हीं साथ सोशल मीडिया पर कम्पनी के प्रचार-प्रसार में भी कोई कमी नहीं छोड़ें।

एक बार फिर हम सब मिलकर इस स्थापना दिवस पर यह संकल्प लें कि पूर्ण समर्पण, निष्ठा और लगन से हम अपने संस्थान को नई ऊँचाइयों पर ले जायेंगे।

एक बार फिर आप सभी को सी.सी.आई के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

संजय बांगा
(संजय बांगा)
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक